आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 26.06.2024 समय : 1905

- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम बिरला दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने गए।
- आज मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जा रहा है।
- अंडमान निकोबार भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत कामगारों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा।
- अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से पुलिस कर्मियों के लिए दो सप्ताह का तटीय सुरक्षा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया गया है।
- भारी बारिश के कारण दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान जिले के कई भागों में जल भराव के कारण लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

<><><><><><><>

भाजपा सांसद ओम बिरला ध्वनिमत से आज अट्ठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। विपक्ष ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था लेकिन उसने सदन में मत विभाजन की मांग नहीं की। चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू श्री बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। इससे पहले, जब आज सुबह सदन की बैठक शुरू हुई, तो प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के बारह अन्य नेताओं ने श्री बिरला को अध्यक्ष के रूप में चुनने के लिए प्रस्ताव पेश किया। विपक्ष की ओर से शिवसेना नेता अरविंद सावंत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले और समाजवादी पार्टी के आनंद भदौरिया ने श्री सुरेश के पक्ष में प्रस्ताव पेश किया। श्री बिरला पिछली लोकसभा में भी अध्यक्ष थे। अपने संबोधन में श्री ओम बिरला ने दोबारा सदन के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर देने और उन पर विश्वास जताने के लिए सदन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने श्री बिरला को उनके निर्वाचन पर बधाई देते हुए कहा, श्री बिरला के दूसरी बार निर्वाचित होने से आज इतिहास बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसद के रूप में श्री बिरला के कार्य नये सदस्यों के लिए प्रेरणास्रोत होंगे। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्री बिरला

को बधाई देते हुए कहा कि यह सदन लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने श्री बिरला को सदन के सुचारू संचालन में विपक्ष के सहयोग का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

आज मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस है। इस दिवस को विश्व औषधि दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस वर्ष का विषय है, साक्ष्य से स्पष्ट है—रोकथाम में निवेश आवश्यक। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सात दिसंबर उन्नीस सौ सत्तासी को अपनाए गए एक प्रस्ताव में, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अपने दृढ़ संकल्प को बताते हुए, हर वर्ष छब्बीस जून को अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। इसका उद्देश्य, नशीली दवाओं के खतरे के बारे में समाज में जागरूकता बढ़ाना है। भारत में, नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। मंत्रालय द्वारा देश भर में, बड़े पैमाने पर नशा मुक्त भारत अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके अलावा, नशे के आदी लोगों के लिए तीन सौ बयालीस से अधिक एकीकृत पुनर्वास केंद्र भी बनाएं गए हैं। नशा छोड़ने में मदद करने के लिए सरकार ने एक हेल्पलाइन नंबर एक चार चार चार छः भी शुरू किया है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से लोगों को प्राथमिक परामर्श और तत्काल रेफरल जैसी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

<><><><><><><>

भवन और निर्माण कामगारों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए अंडमान निकोबार भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया है। समझौते के तहत आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र पंजीकृत भवन और अन्य निर्माण कामगारों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होगा। समझौते के तहत कामगार कल्याण बोर्ड प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सभी योग्य पंजीकृत कामगारों की पूरी प्रीमियम कॉस्ट वहन करेगा। इससे कामगार और उनके परिजनों को गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्राप्त होगी। श्रम और रोजगार सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि यह समझौता द्वीपों में भवन और निर्माण कामगारों के कल्याण के लिए बोर्ड की प्रतिबद्धता का सबूत है। अब कामगारों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य सचिव सी. अरविन्द ने कहा कि इससे कामगारों और एजेंसियों के बीच दूरियां कम होगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने एक नए पहल के तहत गुजरात के ओखा स्थित राष्ट्रीय तटीय पुलिस अकादमी के साथ मिलकर पुलिस कर्मियों के लिए दो सप्ताह का तटीय सुरक्षा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रातरापुर के पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रशिक्षुओं को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून, विभिन्न इंजन प्रणालियां, नाव संचालन, भारत की सीमाएं और बंदरगाह जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उप–महानिरीक्षक, कानून और व्यवस्था वर्षा शर्मा ने किया। उन्होंने तटीय और समुद्री पुलिस अधिकारियों को फिर से प्रशिक्षित करने तथा उनके कौशल विकास को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। यह पहल तटीय सुरक्षा और परिचालन तत्परता को मजबूत करने के लिए अंडमान निकोबार पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस प्रशिक्षण में तीन सौ ग्यारह पुलिस कर्मी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने हाल ही में अपना स्थापना दिवस मनाया। संस्थान के सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण के प्रभारी अधिकारी डॉ. सी. शिवापेरूमल मुख्य अतिथि थे। उन्होंने द्वीपों में क्यारी की ओर से दी जा रही सेवाओं के लिए उनकी प्रशंसा की। बागवानी और जैविक कृषि में उनके योगदान की भी मुख्य अतिथि ने सराहना की। क्यारी के निदेशक डॉ. ई बी चाकुरकर ने पिछले वर्ष संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए वैज्ञानिकों के योगदान पर उन्हें सम्मानित किया तथा कृषि समुदाय के आजीविका में सुधार के लिए इसी तरह मेहनत करने का अनुरोध किया। पशु विज्ञान संभाग के प्रमुख डॉ. जय सुंदर ने भी अपने विचार रखे। इससे पहले बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी आर सिंह ने अगली पीढ़ी कृषि पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

<><><><><><><>

भारी बारिश के कारण दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान जिले के कई भागों में नालों के ऊफान पर होने से लोगों को भारी असुविधा हो रही है। खेत–खलिहान के अलावा घरों के अंदर भी पानी के आ जाने से आम जन–मानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक लांग आइलैंड में एक सौ बयालीस मिलीमीटर, पोर्ट ब्लेयर में इक्यानब्बे दशमलव छः, मायाबंदर में चौवन, कार निकोबार तथा हटबे में सोलह और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में दस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि अंडमान द्वीप के एक या दो स्थानों पर भारी से

बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। खराब मौसम और तेज हवा को देखते हुए मछुआरों को कल तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

**<><><><><><><>**

चेन्नई से आ रहे जहाज़ एम वी कैम्पबेल बे के कल दोपहर दो बजे तक कैम्पबेल बे और ननकौड़ी होते हुए पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज़ में तीन सौ से अधिक यात्री सवार हैं। इससे पैंतीस मिट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जहाज़ हैडो जेट्टी पर लगेगा।

**<><><><><><><>**